दिन—मंगलवार दिनांक— 24 / 03 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से। अवधि— 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में कहा — पश्चिम एशिया में तनाव से चुनौतीपूर्ण हालात। भारत कूटनीतिक प्रयासों के जरिए समाधान की दिशा में काम कर रहा है।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के दौरान कहा — आने वाले सालों में प्रदेश में सरकारी नौकरियों में होगी वृद्धि।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक बार फिर जदयू के निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित हुए। विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेताओं ने दी बधाई।

04. और, महापर्व चैती छठ के तीसरे दिन आज व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण दुनियाभर में बड़ा ऊर्जा संकट पैदा हो गया है। उन्होंने कहा कि हालात चुनौतीपूर्ण हैं, लेकिन भारत कूटनीतिक प्रयासों के जरिए समाधान की दिशा में काम कर रहा है।

———साउंड बाइट———

श्री मोदी ने राज्यसभा में आज पश्चिम एशिया में जारी संकट पर अपना वक्तव्य देते हुए कहा कि भारत पश्चिम एशिया के सभी प्रमुख देशों के साथ लगातार संपर्क में है।

———साउंड बाइट———

श्री मोदी ने सदन को बताया कि स्ट्रेट ऑफ हार्मुज में बड़ी संख्या में जहाज फंसे हुए हैं। इनमें भारतीय क्रू—मेम्बर्स भी शामिल हैं। उन्होंने सदन को भरोसा दिया कि भारत अपने जहाजों के सुरक्षित आवागमन को सुनिश्चित करने के लिए लगातार कूटनीतिक प्रयास कर रहा है।

———साउंड बाइट———

प्रधानमंत्री ने कहा कि खाड़ी देशों में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है। श्री मोदी ने बताया कि मौजूदा संकट के दौरान ही अब तक पौने चार लाख से अधिक भारतीय सुरक्षित वापस लौटे हैं।

———साउंड बाइट———

श्री मोदी ने कहा है कि हाल के दिनों में कई देशों से तेल और एलपीजी से भरे जहाज भारत पहुंचे हैं और आगे सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि देश की जरूरत से जुड़ी सभी आवश्यक वस्तुएं सुरक्षित ढंग से भारत पहुंचती रहें। प्रधानमंत्री ने सभी राजय सरकारों से अपील की है कि जमाखोरी और कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

———साउंड बाइट———

———————————————————

पश्चिम एशिया में तनाव के कारण उत्पन्न ऊर्जा संकट के बीच प्रदेशभर में घरेलू गैस की आपूर्ति सुचारू बनी हुयी है। सरकार के निर्देश पर विभिन्न जिला प्रशासन ने जमाखोरी और कालाबाजारी के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। अररिया के जिलाधिकारी विनोद दुहन ने बताया कि जिले में घरेलू गैस आपूर्ति सामान्य है और गड़बड़ी करने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। इधर, सहरसा में जिला संपर्क अधिकारी ने पत्रकारों को बताया कि जिले के सभी वितरकों के जरिए समय पर घरेलू गैस की आपूर्ति की जा रही है। बैकलॉग को भी कम करने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं, शेखपुरा के अनुमंडल पदाधिकारी प्रियंका कुमारी ने बताया कि जिले में घरेलू गैस की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि विभिन्न स्थानों पर दंडाधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात कर आपूर्ति श्रृखंला को बाधित करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

———————————————————

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि केंद्र सरकार के निरंतर प्रयासों के कारण देश में किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। श्री चौहान ने लोकसभा में कहा कि किसानों की आय दोगुनी, तिगुनी ही न हीं कई मामलों में आठ गुना तक बढ़ी है।

———साउंड बाइट———

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के तहत आज कैमूर जिले में सैंतीस करोड़ रूपये लागत वाली तैंतालीस योजनाओं का शिलान्यास किया। साथ ही उन्होंने एक सौ बासठ करोड़ रूपये की लागत से एक सौ इकसठ योजनाओं का उद्घाटन

किया। मुख्यमंत्री श्री कुमार ने संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में अगले पांच वर्षों में युवाओं की सरकारी नौकरी और बढ़ेगी।

----साउंड बाइट---

मुख्यमंत्री ने समृद्धि यात्रा के तहत रोहतास में लगभग चार सौ अस्सी करोड़ रूपये लागत वाली विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। श्री कुमार ने विभिन्न विकास और कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा भी की।

---

उप मुख्यमंत्री सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि प्रदेश में अपराध पर नियंत्रण के लिए सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है। श्री चौधरी ने कैमूर में समृद्धि यात्रा के दौरान जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि खुंखार आतंवादियों के लिए उच्च सुरक्षा वाली जेल का निर्माण किया जाएगा।

---साउंड बाइट---

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक बार फिर जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। श्री कुमार चौथी बार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हैं। श्री कुमार के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी समेत जदयू के वरिष्ठ नेताओं ने बधाई दी है। पसमांदा रिसर्च डेवलप्मेंट फाउंडेशन के राष्ट्रीय संयोजक डॉक्टर पी. फिरोज अहमद उर्फ फिरोज मंसूरी ने भी श्री कुमार को शुभकामनाएं दी हैं।

---

बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार नागपुर प्रवास पर हैं। इस दौरान श्री कुमार ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के मुख्यालय का भ्रमण किया। संघ के संस्थापक डॉक्टर केशवराव बलिराम हेडगेवार की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके योगदानों को स्मरण किया।

---

दिल्ली उच्च न्यायालय ने जमीन के बदले नौकरी घोटाला मामले में पूर्व रेल मंत्री और राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद की याचिका खारिज कर दी है। श्री यादव ने

याचिका में सीबीआई की एफआइआर रद्द करने का अनुरोध किया था। न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि एफआइआर रद्द करने का कोई ठोस आधार नहीं है। अदालत ने कहा कि इस मामले में सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं है।

———————————————————

निगरानी विभाग की टीम ने आज आय से अधिक संपत्ति मामले में शिवहर जिले के उप विकास आयुक्त ब्रजेश कुमार के शिवहर, पश्चिम चंपारण और सीतामढ़ी स्थित विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी की। निगरानी की टीम ने आरोपी के शिवहर स्थित सरकारी आवास और कार्यालय में दो घंटे से अधिक समय तक जांच की। इस दौरान जमीन खरीद और बैंक खातों से जुड़े विभिन्न दस्तावेज बरामद किये गये हैं। निगरानी के डीएसपी लव कुमार ने इस संबंध में जानकारी साझा की।

———साउंड बाइट———

———————————————————

रेलवे ने भागलपुर में नया रेल बाईपास निर्माण को मंजूरी दे दी है। नई दिल्ली में आज हुई रेल मंत्रालय की उच्च स्तरीय बैठक में तेरह किलोमीटर से अधिक इस लंबे रेल बाईपास निर्माण के लिए तीन सौ तीन करोड़ रुपये से अधिक की परियोजना को मंजूरी प्रदान की गयी है। रेल मंत्रालय ने बताया कि यह बाईपास पूर्व रेलवे के तहत बाराहाट–भागलपुर सेक्शन के गोनुधाम हॉल्ट को भागलपुर–साहेबगंज सेक्शन के सबौर स्टेशन से जोड़ेगा। इससे भागलपुर जंक्शन पर रेल ट्रैफिक को कम करने में मदद मिलेगी। साथ ही ट्रेनों की आवाजाही तेज होगी और समय पालन में भी सुविधा होगी।

———————————————————

रेलवे ने गर्मी की छुट्टियों के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर कई स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय किया है। पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि बरौनी और दरभंगा स्टेशनों से दिल्ली के लिए कई क्लोन स्पेशल ट्रेन के परिचालन को विस्तार दिया गया है। उन्होंने बताया कि इन ट्रेनों का परिचालन इकतीस मार्च से शुरू हो जाएगा। वहीं, पटना और हावड़ा के बीच प्रत्येक रविवार को चलाई जा रही स्पेशल ट्रेन को बारह अप्रैल तक विस्तारित किया गया है।

———————————————————

प्रदेश के विभिन्न भागों में लोक आस्था का महापर्व चैती छठ आस्था और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। व्रतियों ने आज अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। पूरा वातावरण छठ गीतों से गुंजायमान है।

———म्यूजिक———

विभिन जिलों से हमारे संवाददाताओं ने खबर दी है कि छठ का उत्साह देखते ही बन रहा है। देव स्थित प्रसिद्ध सूर्य मंदिर में स्थानीय लोगों के साथ ही पड़ोसी राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु महापर्व छठ का अनुष्ठान करने पहुंचे हैं। इधर, पटना जिले में बाढ़ स्थित पुण्यार्क मंदिर, मसौढ़ी अनुमंडल स्थित सूर्य मंदिर और दुल्हिन बाजार के उलार्क सूर्य मंदिर में भी बड़ी संख्या में छठ व्रती पहुंचे हैं। पटना जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक प्रबंध किया है। साथ ही अर्घ्य के दौरान पटना की यातायात व्यवस्था में भी बदलाव किया गया है। कल उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही महापर्व का समापन होगा।

———म्यूजिक———

---

राष्ट्रीय सांख्यिकी विभाग की ओर से पटना में पंजीकृत औद्योगिक इकाईयों के लिए क्लस्टर शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पच्चीस औद्योगिक इकाईयों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

---

शेखपुरा जिले के रहने वाले बॉक्सिंग खिलाड़ी आर्यन कुमार का चयन राज्य स्तरीय टीम में किया गया है।

---

विश्व टीबी दिवस के अवसर पर आज सहरसा में जागरूकता रैली निकाली गयी। जिलाधिकारी दीपेश कुमार ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

---

शेखपुरा जिले में अग्निकांड से बचाव के लिए स्कूली बच्चों को प्रशिक्षित किया गया। जिले के बरबीघा स्थित विभिन्न स्कूलों में अग्निशमन विभाग की ओर से मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

---

आकाशवाणी, दरभंगा की ओर से आकाशवाणी की नब्बेवीं वर्षगांठ के अवसर पर दरभंगा के ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर उमेश कुमार, आकाशवाणी, दरभंगा के

कार्यक्रम प्रमुख असद दाउद और कार्यक्रम अधिशासी विनित कुमार ठाकुर ने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार...........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में कहा – पश्चिम एशिया में तनाव से चुनौतीपूर्ण हालात। भारत कूटनीतिक प्रयासों के जरिए समाधान की दिशा में काम कर रहा है।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के दौरान कहा – आने वाले सालों में प्रदेश में सरकारी नौकरियों में होगी वृद्धि।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक बार फिर जदयू के निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित हुए। विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेताओं ने दी बधाई।

04. और, महापर्व चैती छठ के तीसरे दिन आज व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।